# कर्मचारी राज्य बीमा निगम, उप-क्षेत्रीय कार्यालय, झारसुगुड़ा (ओडिशा)

राजभाषा पखवाड़ा एवं राजभाषा समापन समारोह का आयोजन (2023) - रिपोर्ट

भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन व मुख्यालय के निर्देशो के अनुसरण में कर्मचारी राज्य बीमा निगम उप-क्षेत्रीय कार्यालय , झारसुगुड़ा में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी राजभाषा पखवाड़ा-2023 का आयोजन 14 सितम्बर से 29 सितम्बर, 2023 तक मनाया गया | राजभाषा हिंदी के प्रचार लिए प्रशासन के सभी कार्यालयों में बैनर लगाए गए | पखवाड़े के दौरान हिंदी निबंध प्रतियोगिता, हिंदी टिप्पण व आलेखन प्रतियोगिता, हिंदी वाक प्रतियोगिता और राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे सभी अधिकारी व कर्मचारी गण अत्यंत उत्साह व उमंग से हिस्सा लिया।




इस पखवाड़े के दौरान सभी कर्मचारियों को ज्यादा से ज्यादा हिंदी भाषा इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया और साथ ही साथ सभी कार्यालयों में कंप्यूटर में हिंदी टूल्स का इस्तेमाल का निरीक्षण किया गया और बताया गया कि हिंदी में टाइपिंग कितने आसान तरीके से किया जा जासकता है एवं इस दौरान अधिक से अधिक टिप्पणी, मसौदे , पत्राचार व प्रपत्र जैसे कार्य मूलरूप से हिंदी में किए जाने पर विशेष बल दिया गया। दिनांक 29. 09. 2023 को " राजभाषा पखवाड़ा '' समापन समारोह एवं प्रतियोगितायों के विजेताओं को पुरस्कृत करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह " का आयोजन किया गया। इस मौके के दौरान बिभिन्न प्रतियोगिताएं के विजेताओं को नकद पुरस्कारों और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता श्रीमती मंजुश्रीवेदुला, मुख्य अतिथि एवं सहायक निदेशक (राजभाषा) के द्वारा की गई और पंच दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान सभी अधिकारी गण व उप-क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी शाखा कार्यालय के शाखा प्रबंधक एवं कर्मचारी आभासी रुप पर उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि श्रीमती मंजुश्रीवेदुला , दयानंद एंग्लो वैदिक स्कूल, सरबहाल, झारसुगुड़ा की शिक्षिका को मिस लता अग्रवाल, उच्च श्रेणि लिपिक, राजभाषा शाखा ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। श्री अभिजीत कुमार, कार्यालय अधीक्षक एवं श्री दुतीबाहन दास, सहायक निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा मुख्य अतिथि एवं कर्मचारियों का स्वागत और संबोधन किया।




उसके बाद अधीक्षक  के द्वारा हिंदी पखवाड़े में आयोजित विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा कर सम्माननीय अतिथि डॉ श्रीमती मंजूश्री वेदुला, सहायक निदेशक (राजभाषा) एवं मिस एस वैष्णवी, शाखा प्रबंधक के द्वारा प्रमाण पत्र/पुरस्कार  प्रदान किए गया।  इस  अवसर पर कार्यालय में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा हिंदी राजभाषा के बारे में अपने विचार अभिव्यक्त किए।






डॉ.मंजूश्री वेदुला ने अपने विचार को रखते हुए कहाकि " हिंदी दिवस पर हम सब मिलकर जश्न मनाए , हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका याद दिलाए ।" कहने का तात्पर्य यह हैं की, राजभाषा पखवाड़े का समापन से यह अर्थ न लिया जाए की, पखवाड़ा समाप्त तो कल से उसी प्रकार कार्य करे जैसे पहले किया करते रहे है , बल्कि यह है और अपील भी है की **"हर दिवस- हिंदी दिवस"** हो ऐसा माने और व्यवहार मे भी लाए तथा यह अभ्यास निरंतर रूप से जारी रहे।




अंत मे मिस एस.वैष्णवी, शाखा प्रबंधक के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ कार्यक्रम का समापन जलपान और चाय वितरण के साथ किया गया।

<u>पुरस्कार वितरण के दौरान ली गई कुछ तस्वीरें</u>










**Signed by Dutibahan Das**
**Date: 18-10-2023 11:20:13**
**Reason: Approved**

**सहायक निदेशक (राजभाषा)**

~:सादर धन्यवाद:~

*****